पालिका के चुंगी नाके पर भूमाफियाओं का चला पीला पंजा

पालिका अध्यक्ष व ईओ ने अतिक्रमी भूमाफिया की कारगुजारी पर कार्यवाही कर मौके पर लगाया बोर्ड

मालपुरा, (निस)। मालपुरा शहर के डेयरी चौराहे के पास खसरा नम्बर 1309 मे दर्ज 1 बीघा 15 बिस्वा जमीन पर वर्षो से खाली पडे चुंगी नाके पर अतिक्रमण की नियत से भूमाफियाओं ने रात के अंधेरे में जेसीबी चला चुंगी नांके को ध्वस्त कर निर्माण के लिये नींव खोद दी। सोमवार की सवेरे सोशल मीडिया पर भूमाफियाओं की कारगुजारी जगजाहिर होने पर कार्यवाहक पालिका ईओ व तहसीलदार राहुल पारीक ने मौके पर पहुंच खोदी गई नींव को समतल कर पालिका की सम्पत्ति का बोर्ड लगा दिया। मामले के अनुसार रविवार की रात तकरीबन साढे ग्यारह बजे तीन लग्जरी कारों में सवार हो भूमाफिया डेयरी चौराहे के पास जेसीबी लेकर पहुंचे। आसपास अंधेरे का फायदा उठाते हुये वर्षो से बंद नगरपालिका के चुंगी नांका पर जेसीबी का पंजा चला कमरे को ध्वस्त कर दिया। इतना ही नही पिछवाडे बनी अन्य खातेदार कुंजबिहारी सैनी की चार दिवारी को भी ध्वस्त कर दिया। तकरीबन आधा घंटे से अधिक समय तक अतिव्यस्त डेयरी चौराहा व दूदू छाण स्टेट हाईवे किनारे पर कस्बा थाने से महज दो सो मीटर की दूरी पर चली जेसीबी मशीन व दबंग भूमाफियाओं की गतिविधियो की थाना पुलिस को कानो-कान भनक तक नही लगी। यदि दो सो मिटर थाने की सीमा मे भूमाफिया जेसीबी चला सरकारी सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द कर अतिक्रमण के मनसुबो को अंजाम दे सकते है तो शहर मे आमजन की सुरक्षा पर तो सवालिया निशान लगना तथा एक के बाद एक चोरी की वारदाते होना लाजमी है।

शहर में मुख्य सड़क किनारे डेयरी चोराहे पर बने पालिका के चुंगी नाका भवन को भूमाफियाओं ने तोड कब्जे का प्रयास किया ।

- रात के अंधेरे में जेसीबी से चुंगी नाके को किया धराशायी

अपने मनसुबो को अंजाम दे भूमाफिया सरकारी चूंगी नांके को ध्वस्त कर मौके पर एक पत्थर का डम्पर डाल बडे भाग मे नींव खोद निकल गये। सोमवार की सवेरे मामला सोशल मिडिया पर जमकर वायरल होने के बाद पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने कार्यवाहक ईओ राहुल पारीक से वार्ता कर मामले की जानकारी जुटा सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले लोगो के विरूद्ध कार्यवाही कर पुलिस प्राथमिक दर्ज करवाने के निर्देश दिये गये। मौके पर पहुंचे ईओ के सामने पालिका के जमादार व टीम ने खोदी गई नींव व मिट्टी को तो समतलीकरण कर दिया। लेकिन मौके से निर्माण सामग्री जप्त करने के बजाय वही पर फैला कर मौके पर उक्त भूमि पालिका की सम्पत्ति होने का बोर्ड लगा कार्यवाही के नाम पर ईती श्री कर ली। तकरीबन दो से तीन करोड की पालिका की सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण का प्रयास करने का सारा घटनाक्रम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो मे कैद हो जाने के बावजूद पुलिस व प्रशासन भूमाफियाओं की पहचान कर नामजद रिपोर्ट दर्ज करने तथा जेसीबी व पत्थर डालने वाले डम्पर के विरूद्ध कार्यवाही करने मे सफल नही होना शहर मे कई तरह के सवालो को दे रहा है जन्म। घटनाक्रम मे मौजूद लग्जरी वाहनों का विडियो वायरल होने पर लोगो ने उंची पहुंच के दबंग भूमाफियाओं पर प्रभावशाली अधिकारी व जनप्रतिनिधि का हाथ होने की भी चर्चाऐं दिनभर सुर्खियां बनी रही।

ब्लास्टिंग से मकान ध्वस्त होने का विरोध

कोटपूतली । कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कुजोता में गत दिनों ब्लास्टिंग से एक दो मंजिला मकान के ध्वस्त होने एवं करीब आधा दर्जन परिवारजनों के घायल होने के मामले को लेकर ग्रामीणों ने अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के गेट नंबर 02 पर एक दिवसीय धरना दिया । जो प्लांट प्रशासन के आश्वासन के बाद स्थगित किया गया। उम्मेद सिंह तंवर ने पीडित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाने, ग्राम कुजोता का पुनर्वास लैंड एक्विजिशन, रिहैबिलिटेशन एंड रिसेटलमेंट एक्ट 2013 के अनुसार पूरी मूलभूत सुविधाओं के साथ किया जाये तब तक ब्लास्टिंग नहीं किये जाने, विस्थापित परिवारों के सदस्यों को रोजगार दिये जाने की मांग की। धरने में शामिल सभी लोगों ने शांतिपूर्वक अपनी बात रखी और संवेदनशीलता से इस मुद्दे को प्रस्तुत किया। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के प्रबंधन ने सोमवार तक समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। विरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह धरना हमारे समुदाय की एकजुटता और संगठित प्रयासों का प्रतीक है। हम सभी की उम्मीद है कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट प्रबंधन द्वारा इन मांगों पर विचार करते हुए जल्दी ही एक सकारात्मक कदम उठाया जाये। जोधपुरा संघर्ष समिति के लोगों ने भी अपना समर्थन दिया।

सरपंच नेतराम ताखर, सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने मौके पर पहुंचकर कुजोता के पीडिघ्तों की मांगों को वाजिब बताते हुये समर्थन किया। राधेश्याम शुक्लावास ने धरना स्थल से एसडीएम बृजेश चौधरी से फोन पर बात की तो एसडीएम ने धरना के प्रति नाराजगी जताते हुये कहा कि जांच कमेटी की रिपोर्ट आ गई है, यह हादसा ब्लास्टिंग से नहीं हुआ है। इस पर धरनार्थियों ने अल्ट्राटेक व कोटपूतली प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जिस पर कम्पनी के अधिकारियों ने धरना कमेटी के पांच लोगों को कार्यालय बुलाकर कहा कि यूनिट हैड अवकाश पर है। उन्होंने सोमवार को बैठक रखने व उचित मांगों पर विचार कर समाधान का आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना संयोजक उम्मेद सिंह ने सोमवार तक धरना स्थगित करने की घोषणा की। इस दौरान विरेन्द्र सिंह, सुण्डाराम यादव, देवेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, शीशराम, केदार मीणा, नेपाल सिंह, रामनिवास योगी, मदनलाल योगी, प्रभूदयाल गुरुजी, मुलायम सिंह यादव समेत बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पानी की गंभीर समस्या से नाराज ग्रामीणों का जलदाय विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

मनोहरपुर । कस्बे के तोपचीवाडा मोहल्ला में पीछले कई दिनो से पानी की गंभीर समस्या से नाराज ठ्ठामीणों ने जलदाय विभाग के खिलाफ विरोध किया। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियो से पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की। जानकारी के अनुसार मोहल्ला तोपचीवाडा में माधव वेणी नदी में स्थित बोरिंग से खारे पानी की सप्लाई होती है। उक्त बोरिंग से जा रही पानी की सप्लाई लाइन पर एनएचएआई के ठेकेदार ने जर्जर पुलिया का मलबा डाल दिया। जिससे पानी की सप्लाई लाइन टूट गई। लाइन टूटने से एक सप्ताह से तोपचिवाडा मोहल्ले में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है । इस समस्या के संदर्भ में ठ्ठामिणो ने कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कारण किंतु समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा ।जिसके चलते मोहल्ले में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है और लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड रहा है। पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने रविवार देर शाम को एक कर्मचारी विजय शुक्ला को रुकवाकर विरोध किया था। और पानी की समस्या के समाधान की मांग की थी । जिसपर उसने दो घंटे में पानी की समस्या का समाधान करने का आश्वाशन दिया था। इसके बावजूद पानी की समस्या का समाधान नही किया गया। जिससे नाराज ठ्ठामीण असगर खान, मोसिन खान, सद्दाम, समीर, रफीक, वशिम, पप्पू खान, बुंडू खान नवाब खान, उसनी, सुरैया, पाकीजा, रफिका, नरगिस, मोशिम खान सहित कई लोगो ने मोहल्ले में एकत्रित होकर जलदाय विभाग के खिलाफ मटका फोड विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने जलदाय विभाग के खिलाफ़ जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की।

ग्रामीण असगर खान ने बताया की तोपचीवाडा मोहल्ला में पानी सप्लाई की दो लाइन में एक मीठे पानी की सप्लाई तो एक साल से बिल्कुल बंद पडी है। खारा पानी आता है वह भी लाइन टूटने से एक सप्ताह से बंद पड़ा है। इसके बारे में जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। ग्रामीण पप्पू खान बताया कि यहां पिछले 1 स्प्ताह से मीठे पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जिससे लोगो को पीने के पानी के लिए भी भी भटकना पड रहा है। गणों ने मामले की जानकारी जलजई विभाग के अधिकारियों को दी जिस पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शीघ्र पानी की समस्या का समाधान किया जाएगा और टूटी लाइन को सही किया जाएगा।

कलाकारों ने भगवान कृष्ण बलराम के किये दर्शन

कोटपूतली । राजधानी जयपुर के जगतपुरा स्थित श्री कृष्ण बलराम मंदिर में कॉमेडियन ख्याली के साथ 40 हास्य कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण बलराम के दर्शन किये। मंदिर हास्य कलाकारों से गुलजार हो गया। पुरे प्रदेश से 40 हास्य कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण बलराम के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया।

इन कलाकारों में लाफ्टर चौम्पियन ख्याली भी शामिल थे। सभी कलाकारों ने हरे कृष्ण महामन्त्र का जाप किया। साथ ही संकीर्तन पर नृत्य किया। हास्य कलाकारों ने मंदिर परिसर में चार एकड़ भूमि में निर्माणाधीन राजस्थान के सबसे बड़े सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र हरे कृष्ण कल्चर सेंटर के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

यह केंद्र आत्याधुनिक वास्तुकला का अनुपम उदाहरण होगा। यहाँ पर दुनिया की सबसे लम्बी (100 फीट लंबाई के साथ) वाली कामन छतरी बनेगी। हरे कृष्ण कल्चर सेंटर में कृष्ण लीला एक्सपो में एनिमेट्रॉनिक्स और नवीनतम तकनीक का उपयोग करके भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का प्रदर्शन किया जायेगा जो अपने आप में बहुत ही भव्य होगा। यहाँ एक सात्विक कैफेटेरिया बनेगा जो आगंतुकों को स्थानीय व्यंजनों का अनुभव करने और राजस्थान के अनूठे स्वादों का आनंद लेने का अवसर प्रदान करेगा। लाफ्टर चौम्पियन ख्याली ने इस निर्माणाधीन केंद्र की बहुत सराहना की। उन्होंने जयपुर की जनता से ये अपील की वो राजस्थान के सबसे बड़े सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र के निर्माण में अपनी पूरी भागीदारी निभायें एवं अपना पूरा सहयोग दें।

सोने की मुर्कियां तोड़ ले जाने की वारदात का खुलासा

मालपुरा, (निस) मालपुरा थाना क्षेत्र में रास्ता पूछने के बहाने बाईक पर सवार नकाबपोश लोगों द्वारा सोने की मुर्कियां व बाली तोड ले जाने की एक के बाद एक हुई तीन वारदातों का खुलासा करते हुये थाना पुलिस ने एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया। थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि लूट की वारदातों का खुलासा करने में एएसआई रामनारायण गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम ने कांस्टेबल कपिल, देवीशंकर, गंगदेव, हरिराम, भगवान, त्रिलोक, मेहराम व हनुमान सहित विष्णु को शामिल किया गया। टीम ने अपने मुखबीर तंत्र की सहायता से वारदातों को अंजाम देने वाले बाईक सवार लूटेरो की तलाश शुरू की। तकरीबन तीन महिने पहले जगदीश शर्मा पुत्र छीतर मल निवासी मालपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुये बताया कि अजमेर रोड पर भैस चराने के दौरान एक मोटरसाईकिल पर आये तीन जनो ने उससे रास्ता पूछने के दौरान झपट्टा मार कर कानो से सोने की मुर्कियां तोड ले भागे। तो इसी अंतराल मे पीनणी रोड मीणो की ढाणी मे रात को सोते हुये एक बुजुर्ग व्यक्ति के कानो से भी बाईक सवार सोने की मुर्कियां तोड ले भागे। तो महिने पहले अजमेर रोड बालाजी मंदिर के पास महिला के नाक से सोने की बाली तोड ले भागे।

केवट संवाद, सुमंत विलाप की लीला का मंचन

पावटा । श्री आदर्श रामलीला मंडल पावटा की ओर से कस्बे में चल रही रामलीला में श्रीराम का लक्ष्मण एवं माता जानकी सहित वन में जाना और दशरथ मरण की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। इसके अलावा केवट-राम संवाद पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। रामलीला में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता जानकी वनों को गए। राजा दशरथ ने मंत्री सुमंत को उनके भेजा तथा कहा कि वे श्रीराम राम को वनों में घूमाकर वापस ले आए। मंत्री सुमंत उनसे वापस लौटने का अनुराग किया, लेकिन श्रीराम सुमंत को जंगल में सोती अवस्था में छोड जंगलों में चले गए। निषादराज के साथ श्रीराम गंगा तट पर पहुंचे, वहां केवट ने अपने परिजनों के साथ उनका स्वागत किया तथा गंगा से पार पहुंचाने से पूर्व उनके चरण पखारकर तथा परिजनों को वह चरणामृत पिलाकर उन्हें गंगा पार उतारा। भगवान श्रीराम ने नाव उतराई का किराये के रूप में मुद्रिका देनी चाही, तो केवट ने कहा कि प्रभु हम दोनों को कार्य एक ही है मैं गंगा सजे पार कराता है और आप भवसागर से पार कराते है, इसलिए मुझे अपना आशीर्वाद दें। उधर श्रीराम के वन गमन के पश्चात राजा दशरथ विलाप करते हुए प्रभु के धाम को चले जाते है। रामलीला में प्रभु राम के रूप में लक्की भारद्वाज, लक्ष्मण शुभम शर्मा, माता जानकी तनुज, दशरथ महेश पारिक, सुमंत के रोल मे मंडल डाइरेक्टर मोहन गौड, श्रवण दीपक भारद्वाज, निषादराज गुहू रामशरण बोहरा एवं केवट के रूप में दीपक भारद्वाज, श्रवण के माता-पिता के रूप में विकास शर्मा व रामशरण बोहरा का अभिनय सराहनीय रहा। इस अवसर पर आदर्श रामलीला मंडल व्यास व अध्यक्ष योगेश शर्मा, निदेशक मोहन गौड, संरक्षक सुभाष गोयल, वीरेंद्र बंसल, वरिष्ठ कार्यकर्ता उमेश टांक, सुरेश शर्मा, अमरनाथ पटेल, महेश पारिक, सचिव चेतन जोशी, कोषाध्यक्ष विकास पुजारी, ललित शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र गौड, रामशरण बोहरा, सोनू अग्रवाल, सुरेश शर्मा, पावटा विप्र वाहिनी तहसील अध्यक्ष दीपक पटेल, विकास शर्मा, सहित रामलीला के समस्त पदाधिकारी एवं कलाकार उपस्थित रहे।

व्यापारियों संग बैठक आज : पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में मुख्य बाजारों मे अतिक्रमण व अन्य समस्याओं को लेकर नगरपालिका आज पावटा पंचायत समिति के सभा कक्ष में सुबह 11 बजे उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय व्यापारियों के साथ बैठक कर चर्चा करेंगे । उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पालिका क्षेत्र के सभी प्रमुख व्यापारी संगठनों को बुलाया गया है। जहाँ शहर के विभिन्न मार्गो, चौराहों एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण करने से यातायात की समस्या उत्पन्न होने और विकास कार्य प्रभावित होने की समस्या के निस्तारण और शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने व अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए व्यापारियों संग बैठक बुलाई गई है।

जिला प्रमुख ने पंचायत राज विभाग की योजनाओं पर चर्चा की

दिल्ली में आयोजित हुई पंचायती राज पर कार्यशाला

टोंक। जिला प्रमुख सरोज बंसल राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए पंचायत राज विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित सबकी योजना सबका विकास की कार्यशाला डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र दिल्ली में भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन एसपी बघेल पंचायती राज राज्य मंत्री भारत सरकार ने किया। जिसमें पंचायत राज विभाग की योजनाओं की वार्षिक कार्य योजना के संबंध में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति स्तर एवं जिला परिषद स्तर पर किस तरह से वार्षिक कार्य योजना को तैयार करने तथा साथ ही किस तरह के काम योजनाओं में लिए जा सकते हैं, इस पर प्रशिक्षण की चर्चा की गई। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने पंचायत राज विभाग की योजनाओं की वार्षिक कार्य योजना जिसमें ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद स्तर पर बाल हितेषी, आंगनवाड़ी केंद्र का विकास, विद्यालय विकास, स्वास्थ्य संबंधी, सभी कार्यों को तीनों स्तरों पर लिए जाने पर कार्यशाला में चर्चा की गई। तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों की जागरूकता के सामूहिक प्रयास करें : टोंक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा तक आगामी 23 नवंबर तक टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 का संचालन किया जा रहा है।

टोंक जिला प्रमुख सरोज ने पंचायत राज विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित सबकी योजना सबका विकास की कार्यशाला में भाग लिया।

अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए तंबाकु नियंत्रण जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में सीएमएचओ ने तंबाकू दुष्प्रभावों के प्रति आमजन में जागरूकता के लिए सामूहिक प्रयास के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कोटपा एक्ट के तहत चालान गतिविधियों के लिए जिला स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों को पाबंद किया।डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महबूब खान मंसूरी ने बताया कि अभियान के तहत जिला स्तर पर स्टैकहोल्डर्स की कार्यशाला, शिक्षण संस्थाओं को तंबाकू मुक्त करना, चिकित्सा संस्थानों आंगनबाड़ियों को तंबाकू मुक्त करना, तंबाकू उपभोगियों की पहचान कर परामर्श व उपचार, डोर टू डोर सर्वे, चालान कार्यवाही, तंबाकू मुक्त ग्राम, कम्युनिटी मोबलाइजेशन, मीडिया सेंसेटाइजेशन आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

सार-समाचार

उन्नत ग्राम अभियान 2 अक्टूबर को

टोंक। जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का जिला स्तरीय समारोह पंचायत समिति उनियारा (मुख्यालय अलीगढ़) के परिसर में प्रातः 11:30 बजे आयोजित किया जाएगा।

एसपी ने ली शान्ति समिति की बैठक

टोंक। आगामी त्योहारों के मध्य नजर विकास सांगवान, जिला पुलिस अधीक्षक टोंक द्वारा जिला शान्ति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कानून व्यवस्था आदि विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा एवं सदस्यों के सुझाव किए गए आमंत्रित किये। उन्होंने कहां कि अपराध एवं अपराधियों के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर पुलिस उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाये, जिससे कार्यवाही करने में आसानी रहे।

सामूहिक अवकाश आज

कोटपूतली। संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा राजस्थान के आह्वान पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग कोटपूतली में कार्यरत समस्त संविदा कर्मचारियों द्वारा मंगलवार 01 अक्टूबर को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहकर राजस्थान हाईकोर्ट में संविदा पर कार्यरत मनीष सैनी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर सोमवार को समस्त संविदा कर्मचारियों ने बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर को ज्ञापन सौंपा।

रसद आवंटन सलाहकार समिति का गठन

कोटपूतली। राज्य सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा तहसील स्तरीय रसद आवंटन सलाहकार समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति में कोटपूतली तहसील के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से करीब 06 सदस्य मनोनीत किये गये है। उपभोक्ता मामलात के निदेशक एवं अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पूनम प्रसाद सागर द्वारा जारी आदेशानुसार कोटपूतली शहरी क्षेत्र से पूर्व पार्षद हरदान पायला को समिति सदस्य नियुक्त किया गया है। इनके पिता स्व. भोलाराम पायला भी नगर पालिका पार्षद रहे है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र से पूर्व पार्षद सांवतराम गुर्जर व लक्ष्मी नगर निवासी बिमला चौधरी को भी सदस्य नियुक्त किया गया है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र से ग्राम खेड़ा निहालपुरा निवासी रामकरण सराधना, मोलाहेड़ा निवासी ख्यालीराम गुर्जर व ग्राम देवता निवासी उर्मिला देवी यादव को सदस्य नियुक्त किया गया है। सभी सदस्यों ने उपरोक्त नियुक्ति पर विधायक हंसराज पटेल का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम व प्रतिभा समान समारोह का होगा आयोजन

पावटा । अग्रवाल महासभा पावटा द्वारा अग्रसेन महाराज की जयंती पर 3 अक्टूबर गुरुवार को कस्बा स्थित कैलाश चंद पंसारी की बगीची मे विभिन्न कार्यऋमो का आयोजन किया जायेगा। अग्रसेन महासभा पावटा अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, उपाध्यक्ष रविकांत मंगल, महामंत्री पंकज जिंदल, कोषाध्यक्ष नेहिल मंगल ने बताया कि श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने एवं श्री अग्रसेन जयंती पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की जिमेदारी कार्यकारिणी के अलग-अलग सदस्यों व कार्यकर्ताओं को दी गई। उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर गुरुवार को प्रातः 5 बजे कस्बे के घंटा घर चौक से प्रभात फेरी, दोपहर 2.30 बजे मोदी मंदिर से अग्रसेन महाराज की रथ पर शाही लवाजमे व बैंड बाजे की धुन पर आतिशबाजी के साथ कस्बे के मुख्य मार्गो व बाजारों से कार्यक्रम स्थल तक भव्य शोभायात्रा, साय 6 बजे 108 दीप प्रज्वलन के साथ महाआरती, उसके बाद प्रबुद्धजनो का समान, प्रतिभा समान समारोह, प्रिंस ग्रुप जयपुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

सैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

मालपुरा (निस) सोमवार को सैन समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप चितौडगढ सरस डेयरी व्यवस्थापक पर हुये जानलेवा हमले में लिप्त आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग की । राजेन्द्र कुमार सैन,अनिल कुमार सैन सहित बडी संख्या मे मौजूद सैन समाज के लोगों ने एसडीएम अमित चौधरी को सीएम के नाम सौंपे ज्ञापन मे बताया कि 28 सितम्बर को चितोडगढ सरस डेयरी व्यस्थापक सुरेश कुमार सैन द्वारा बैठक लेने के दौरान उन पर असामाजिक तत्वो ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना को लेकर समाज मे गहरा आक्रोश व्याप्त है। घटना में लिप्त लोगों की तत्काल गिरफ्तारी कर कानूनी कार्यवाही अमल मे लाई जाये।

सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

मालपुरा (निस) डिग्गी थाना क्षेत्र के धौली गांव से ढोला का खेडा जाने वाले मार्ग पर सोमवार की अलसवेरे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची डिग्गी पुलिस ने शव को डिग्गी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा पहचान का प्रयास किया शुरू। तो वही मालपुरा अजमेर सडक मार्ग पर बागडी के पास किसी वाहन की टक्कर से सांस गांव निवासी महावीर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे राहगीरो की सुचना पर पहुंची एम्बूलेंस की सहायता से मालपुरा अस्पताल मे भर्ति करवाया गया। समाचार लिखे जाने तक डिग्गी थाना पुलिस मृतक की पहचान के प्रयासो मे जुटी रही।

दो रोवर का राष्ट्रीय स्तर की गतिविधि के लिये चयन

कोटपूतली। यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय के दो रोवर का राष्ट्रीय स्तर की गतिविधि के लिये चयन हुआ। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मधु नागर ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर द्वारा 02 अक्टूबर को गांधी जयन्ती पर राजघाट गांधी समाधि, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने हेतु महाविद्यालय के रोवर अनमोल गोयल व दीप सिंह शेखावत का चयन हुआ है। उक्त रोवर 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती को राजघाट दिल्ली में आयोजित होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सम्मलित होगें। महाविद्यालय के रोवर लीडर डॉ. शीशराम यादव, कपूर चन्द वर्मा, वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. अनुभा गुप्ता, प्रो. सुरेश कुमार यादव, प्रो. पी.सी. जाट, डॉ. राकेश कुमार लाटा, डॉ. गजराज सिंह, आनन्द सिंह आदि ने रोवर को उपरोक्त कार्यक्रम में सम्मलित होने के लिए प्रेरित किया।

पति को 15 हजार रुपए प्रतिमाह अब नहीं देने होंगे

सांभरझील, (निसं)। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश नीरज भामू ने घरेलू हिंसा के मामले में निचली अदालत द्वारा दिए गए निर्णय को पलटते हुए अहम फैसला दिया। अधीनस्थ अदालत की ओर से घरेलू हिंसा के मामले में प्रार्थिया पत्नी को खर्चे के तौर पर 15000 रुपए प्रतिमाह देने के आदेश दिए थे।

इस आदेश से व्यथित होकर पीडित पति की ओर से अधिवक्ता हेमराज कुमावत के माध्यम से एडीजे के समक्ष अपील पेश कर अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय को चुनौती दी गई थी, जिसमें दोनों तरफ से क्रॉस अपील पेश की गई। प्रार्थिया पत्नी की अपील खारिज की गई जबकि पक्षकार की ओर से की ओर से प्रस्तुत अपील स्वीकार हुई जिसमें 1000 रुपए भरण पोषण एवं 500 रुपए प्रतिमाह रहवास खर्च कुल 1500 प्रतिमाह अदा करने तथा उक्त राशि में प्रतिवर्ष 10 बढोतरी किए जाने के आदेश दिए तथा साथ ही यह भी आदेशित किया गया कि पूर्व मे यदि कोई राशि भरण पोषण के रूप में प्रार्थिया को दिया हो तो उस राशि का समायोजन किया जाये। इसके अलावा न्यायालय ने यह आदेश भी दिया की दोनों पक्षों के मध्य विवाद का समापन/ समझौता/ राजीनामा/विधिक रूप से पृथक्करण होने तक प्रभावी रहेगा तथा यह भी आदेशित किया कि अपीलार्थी, प्रार्थिया को प्रकरण से संबंधित हुआ खर्चा व मानसिक संताप की एवज में एक मुश्त 15000/ रु प्रदान करे। अधिवक्ता हेमराज कुमावत ने न्यायालय में यह तर्क भी रखा की अपीलार्थी पति की इनकम प्रतिमाज्ञ 6 हजार रुपए है और 15 हजार रुपए प्रतिमाह उसके लिए देना संभव नहीं है।